हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप

सूरजपुर जिले के पर्यवेक्षक बने गुलाब



मनेन्द्रगढ़। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं आयोजन के लिए जिलेवार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में पूर्व विधायक गुलाब कमरो को सूरजपुर जिले का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। यह अभियान लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा तथा निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अभियान के द्वितीय चरण में 10 से 20 अक्टूबर तथा तृतीय चरण में 25 अक्टूबर से 25 नवंबर 2026 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मरघट की जमीन के सौदे पर कोर्ट का सख्त रुख

मनेन्द्रगढ़। शासकीय मरघट मद की जमीन की कथित खरीद-बिक्री और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायालय मनेन्द्रगढ़ ने मेडिकल संचालक प्रमोद कुमार अग्रवाल को बड़ा झटका दिया है। न्यायालय ने उनकी ओर से प्रस्तुत अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। जमानत आवेदन निरस्त होने के बाद पुलिस ने प्रकरण में नामजद दोनों आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। मामला प्रार्थी बृजेश कुमार की लिखित शिकायत से जुड़ा है। शिकायत के आधार पर 26 सितंबर 2026 को थाना मनेन्द्रगढ़ में अपराध क्रमांक 226/2026 दर्ज किया गया था। प्रकरण में प्रमोद कुमार अग्रवाल, चिंतामणि यादव और तत्कालीन पटवारी लालनमन सिंह नेताम के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468 एवं 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। अभियोजन के अनुसार, शासकीय मरघट मद की भूमि के एक हिस्से की खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेज तैयार किए गए। सिटी कोतवाली थाना मनेन्द्रगढ़ के प्रभारी विवेक पटेल के अनुसार, प्रकरण में प्रमोद कुमार अग्रवाल और तत्कालीन पटवारी लालनमन सिंह नेताम की तलाश की जा रही है। दोनों के फरार होने के चलते पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश देने के साथ मामले से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच कर रही है।

300 मीटर की निकली चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी





शारदीय नवरात्र के अवसर पर नगर पालिका शिवपुर-चरचा में दुर्गा पूजा समिति सुभाष नगर के तत्वावधान में पहली बार भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं बच्चे पीले वस्त्र धारण कर शामिल हुए। मां दुर्गा के प्रति श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ निकली इस यात्रा में 300 मीटर लंबी चुनरी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही।

सुभाष नगर से शुरू हुई यात्रा में जैसे-जैसे विभिन्न वार्डों की महिलाएं जुड़ती गईं, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई और यात्रा लगभग आधा किलोमीटर लंबी कतार में तब्दील हो गई। नगर के विभिन्न स्थानों पर चुनरी यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। पूरे मार्ग में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। शारदीय नवरात्र के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ शिवपुर-चरचा के सुभाष नगर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल से हुआ। दुर्गा पूजा समिति सुभाष नगर की ओर से आयोजित इस यात्रा में महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धालु 300 मीटर लंबी चुनरी लेकर मां दुर्गा की आराधना करते हुए नगर के मुख्य मार्ग की ओर आगे बढ़े। पीले वस्त्रों में सजी महिलाओं की लंबी कतार ने यात्रा को विशेष आकर्षण प्रदान किया। सुभाष नगर से यात्रा आगे बढ़ने के साथ ही विभिन्न वार्डों की महिलाएं भी इसमें शामिल होती चली गईं। देखते ही देखते श्रद्धालुओं की कतार लगभग आधा किलोमीटर लंबी हो गई। नगरवासियों में चुनरी यात्रा को लेकर उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं के प्रति सम्मान प्रकट किया। पहली बार आयोजित इस चुनरी यात्रा ने शारदीय नवरात्र के दौरान नगर के धार्मिक वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। चुनरी यात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का स्वागत पुष्पवर्षा के साथ किया गया। 300 मीटर लंबी चुनरी के साथ पीले वस्त्रों में चलती महिलाओं की कतार लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। यात्रा में महिलाओं एवं बच्चों की बड़ी संख्या में भागीदारी ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। नगर के मुख्य मार्ग से गुजरती चुनरी यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। विभिन्न वार्डों से महिलाओं के लगातार शामिल होने से यात्रा की लंबाई बढ़ती गई। नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने धार्मिक परंपराओं के प्रति लोगों की आस्था और सामूहिक सहभागिता को प्रदर्शित किया। चुनरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा और स्वागत के लिए भी विशेष पहल देखने को मिली। नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने पूर्वी नेपाल गेट के पास यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को मीठा एवं जल वितरित किया।

चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण की मांग, मुद्दा गरमाया



चरचा कॉलरी। कोरिया जिले के नगर पालिका शिवपुर-चरचा क्षेत्र में चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग पूरी नहीं होने से नाराज स्थानीय व्यापारीगण और नागरिक अब अपनी मांग को लेकर मुखर हो गए हैं।

चरचा के विकास, आवागमन की सुविधा और क्षेत्र के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे पर चरचा बचाव मंच एवं व्यापारी संघ ने आवाज बुलंद करते हुए आगामी दिसंबर में होने वाले नगर पालिका चुनाव के बहिष्कार का संदेश दिया है। इस संबंध में जारी पोस्टर में पहले सड़क, फिर वोट का नारा देते हुए स्पष्ट किया गया है कि सड़क निर्माण की मांग पूरी नहीं होने पर चुनाव में भागीदारी का विरोध किया जाएगा। चरचा बचाव मंच की ओर से जारी पोस्टर में चरचा-कटगोड़ी सड़क की बदहाल स्थिति को दशार्ते हुए संबंधित विभागों, जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों का ध्यान वर्षों से लंबित इस समस्या की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। मंच का कहना है कि जब तक क्षेत्र की मूलभूत समस्या का समाधान नहीं होता, तब तक विकास के दावों का स्थानीय लोगों के लिए कोई विशेष अर्थ नहीं रह जाता। सड़क निर्माण की मांग को लेकर उठाई गई यह आवाज अब केवल आवागमन की समस्या तक सीमित नहीं है, बल्कि चरचा के अस्तित्व, स्थायित्व और भविष्य से भी जुड़ गई है। चरचा-कटघोड़ी सड़क निर्माण का मुद्दा कोई नया नहीं है। स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार, लगभग 20 वर्ष पहले इस सड़क के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन वन विभाग की ओर से रोक लगाए जाने के बाद निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS

INSTITUTE OF PHARMACY RESEARCH CENTRE
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Krishnapur Kalua Bharuhamunda Road Dist- Surajpur (C.G.)
9165265258, 8889110739, 9244175446

PUSHPENDRA COLLEGE OF PHARMACY AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Lalmati Lundra, Ambikapur Dist- Surajpur (C.G.)
9407634704, 7509172393

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 11 अक्टूबर, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

प्राकृतिक उपचार • आयुर्वेदिक समाधान • बेहतर जीवन
आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा इलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे हैं अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए
परामर्श शुल्क 500₹
मिलने का समय:- दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक
विशेष लाभ
रूहानी जड़ी-बूटी से इलाज
प्राकृतिक एवं सुरक्षित उपचार
बिना ऑपरेशन, बिना साइड इफेक्ट
गुप्त और विश्वसनीय सेवा
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386
आपका विश्वास हमारी पहचान

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
JOHN DEERE
दुर्गा अष्ठमी की हार्दिक शुभकामनाएं...
ज्यादा ताकत ज्यादा कमाई
खेती के हर काम में आपका मजबूत साथी
5210 2WD
• दमदार • भरोसेमंद • हर खेत के लिए उपयुक्त
पावरफुल 50 HP इंजन
हर काम में दमदार प्रदर्शन
बेहतर माइलेज
कम खर्च, ज्यादा बचत
मजबूत और टिकाऊ
कठिन परिस्थितियों में भी भरोसेमंद
खेती के साथ अन्य कामों के लिए
कठिन परिस्थितियों में भी भरोसेमंद
2 BOTTOM PLOUGH
सिंगल जैक डोज़र (पख्तजोर डिज़ाइन)
डोजर के उपयोग
समतलीकरण
मेड़ बनाना
खेत की सफाई
डोजर मात्र ₹10,40,000/-
जैनसंस ट्रैक्टर्स
रिंग रोड, नमनाकला, नियर महामाया पेट्रोल पम्प, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो.- 9300187871
ब्रांच - बैकुंठपुर, लखनपुर, बतौली, दरिमा, बगीचा, मो.- 8305888008

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 18 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 300 मीटर की निकली चुनरी यात्रा





खबर संक्षेप

सरगुजा में जिला स्तरीय युवा उत्सव 27 को

अम्बिकापुर। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सरगुजा के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 27 अक्टूबर को शासकीय पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में प्रातः 8 बजे से किया जाना है। जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 में विकसित भारत चैलेंज ट्रेक, लोक नृत्य, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड नाटक, क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज, पारंपरिक वेशभूषा, लोक गीत, रॉकबैंड विधाओं को शामिल किया गया है। रॉक बैंड प्रतियोगिता का आयोजन सीधे राज्य स्तर पर सहभागिता करेंगे। जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने के लिए 15 से 29 वर्ष आयु वर्ष के इच्छुक प्रतिभागी अपने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण सरगुजा में युवा उत्सव से संबंधित जानकारी प्राप्त कर अपनी सबंधित विधा में सूची जमा कर सकतें है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग कलेक्टोरेट परिसर अम्बिकापुर में 22 अक्टूबर 2026 तक कार्यालयीन समय में आकर युवा उत्सव से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकतें है।

रामनगर में 27 अक्टूबर से होगी श्रीराम कथा

बिश्रामपुर। रामनगर में राधा कृष्ण सेवा समिति के तत्वावधान में संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पूज्य प्राची देवी के मुखारविंद से श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का श्रवण करेंगे। आयोजन की तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 26 अक्टूबर को सुबह 9 बजे कलशयात्रा के साथ होगी। इसके बाद 27 अक्टूबर से प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक श्रीराम कथा होगी। 5 नवंबर को सुबह 8 बजे हवन एवं पूर्णाहुति के साथ धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा। कथा के पहले दिन 27 अक्टूबर को मंगलाचरण एवं राम नाम की महिमा का वर्णन होगा। 28 अक्टूबर को भारद्वाज-याज्ञवल्क्य मिलन, सती चरित्र और शिव-पार्वती विवाह, जबकि 29 अक्टूबर को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया जाएगा। 30 अक्टूबर को विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा एवं सीता स्वयंवर और 31 अक्टूबर को श्रीराम विवाह, अयोध्या आगमन एवं अयोध्या कांड का वर्णन होगा। इसी क्रम में 1 नवंबर को वनगमन एवं भरत मिलाप, 2 नवंबर को अरण्य कांड, 3 नवंबर को अरण्य एवं किष्किंधा कांड तथा 4 नवंबर को सुंदरकांड, रावण वध और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की कथा सुनाई जाएगी।

जगराता के लिए बांधी रस्सी में फंसी बाइक, युवक की मौत

गले में जीआई तार उलझने से करंट लगने की भी आशंका, हंगामे के बाद बंद कराया गया कार्यक्रम, आयोजकों के खिलाफ अपराध दर्ज



अम्बिकापुर। दुर्गा पूजा के जगराता कार्यक्रम के लिए सड़क बंद करने बांधी गई रस्सी में फंसकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई, वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि आयोजन समिति ने सड़क के एक ओर बांस और दूसरी ओर बिजली के पोल से रस्सी बांधकर रास्ता बंद किया था। मौके पर झालर लगाने के लिए जीआई तार और विद्युत तार भी लगाए गए थे। रात में अंधेरा होने के कारण बाइक सवार युवकों को रस्सी दिखाई नहीं दी। हादसे में युवक के गले में रस्सी और तार फंस गए। करंट लगने से उसके गले के जलने की बात भी सामने आई है। घटना के बाद परिजनों और समाज के लोगों ने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आयोजन समिति के सदस्यों समेत अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के जयस्तंभ चौक पर जागृति समिति मंडल ने शारदीय नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पंडाल स्थापित किया है। शुक्रवार रात यहां जगराते का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के लिए मुख्य मार्ग को बंद किया गया था। इसके लिए यामाहा शोरूम के समीप सड़क के एक ओर बांस और दूसरी ओर बिजली के पोल से रस्सी बांधी गई थी। इसी दौरान सागर के मायापुर निवासी मोहम्मद फैजान, पिता अय्यूब शाह, अपने दोस्त समीर के साथ बाइक से अग्रसेन चौक की ओर से सदर रोड जा रहा था। जयस्तंभ चौक के पास यामाहा शोरूम के सामने पहुंचते ही बाइक चला रहे फैजान का गला रस्सी में फंस गया। इससे दोनों बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। मौके पर अंधेरा होने के कारण उन्हें रास्ता बंद करने के लिए बांधी गई रस्सी दिखाई नहीं दी। बताया गया कि फैजान झालर के लिए लगाए गए जीआई तार और विद्युत तार में भी उलझ गया। रस्सी के झटके और करंट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर फैजान का भाई अरबाज और अन्य लोग मौके पर पहुंचे। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से परिजन उसे संजीवनी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।



हंगामे के बाद बंद कराया जगराता, अपराध दर्ज

हादसे में युवक की मौत के बाद भी कार्यक्रम जारी रहने से परिजनों और समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। उनका कहना था कि सड़क बंद करने के लिए रस्सी बांधने के बजाय बैरिकेडिंग की जानी चाहिए थी। लोगों ने कोतवाली पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने जगराता कार्यक्रम बंद कराया। फैजान के भाई अरबाज की शिकायत पर पुलिस ने रोशन कन्नौजिया, संदीप अग्रवाल और अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1), 125(ए) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

प्रशासन की व्यवस्था पर भी सवाल

शहर में धार्मिक आयोजनों के लिए सड़कों को बंद कर कार्यक्रम करने का सिलसिला बढ़ रहा है। ऐसे आयोजनों के लिए प्रशासन से अनुमति ली जाती है। जयस्तंभ चौक पर आयोजित कार्यक्रम को भी अनुमति मिलने की बात सामने आई है। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा, वैकल्पिक आवागमन और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। हादसे ने आयोजन की निगरानी और सुरक्षा इंतजामों को लेकर प्रशासन की जिम्मेदारी पर भी प्रश्न खड़े किए हैं।

की जाएगी कार्रवाई

इस मामले में शिकायत के आधार पर अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

— राजेश अग्रवाल
एसएसपी, सरगुजा

आरोपी की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग पर अड़े ग्रामीण

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने महिला को कुचला, मौके पर मौत; आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्का जाम



बिहारपुर। ग्राम पंचायत कुबेरपुर में शनिवार की दोपहर ट्रैक्टर चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी सवार महिला को कुचल दिया। दुर्घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। साथ ही ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। ग्रामीणों की मांग है कि ट्रैक्टर चालक को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, बस्ती के अंदर संचालित क्रेशर को हटाया जाए और मृतिका के परिजन को उचित मुआवजा दिया जाए।

जानकारी के अनुसार कुबेरपुर निवासी चंद्रावती जायसवाल पति संजय जायसवाल (28 वर्ष) शनिवार की दोपहर करीब 12.30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर से इलाज कराने के बाद स्कूटी से घर लौट रही थीं। जैसे ही महिला कुबेरपुर चौक के समीप पहुंची तभी क्रेशर की गिट्टी लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर की चपेट में आ गईं। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर का पहिया महिला के ऊपर से गुजर गया, जिससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीण सड़क पर लाश रखकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बस्ती के भीतर भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। गांव की बस्ती में संचालित क्रेशर से गिट्टी लेकर निकलने वाले भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन ⏭ शेष पेज 4 पर

पांच दिनों में नहर क्षेत्र से हटाए गए 60 अतिक्रमण



अंबिकापुर। बांकी नहर को कब्जा मुक्त कराने का दायरा बढ़ गया है। जल संसाधन विभाग ने पांच दिनों के अंदर लगभग 60 से अधिक अतिक्रमण को हटाने का कार्य किया है। अंतिम दिन टीम ने पचपेड़ी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अंतिम दिन क्षेत्र में 12 अतिक्रमण को हटाकर माइनर नहर को हटाकर कब्जा मुक्त कराया गया।

बता दें कि शहर के दरिमा चौक से खरसिया चौक के बीच जल संसाधन विभाग के नहर पर किए गए अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू की गई थी। जल संसाधन विभाग द्वारा शुरू में 27 कब्जा धारियों को नोटिस जारी किया गया था और उनके खिलाफ अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान बहु मंजिला इमारतों पर भी विभाग ने बुलडोजर चलवाया। शासकीय भूमि पर माफियाओं द्वारा अतिक्रमण कर किए गए कब्जे को हटाने की कार्रवाई के बीच ही विभाग ने सर्वे का कार्य भी किया। इस दौरान मुख्य नहर की सब माइनर नहर में भी अतिक्रमण की बात सामने आई। इसके बाद विभाग ने विभाग द्वारा सभी को फिर से नोटिस जारी कर तत्काल कब्जा खाली करने का निर्देश दिया ⏭ शेष पेज 4 पर

बालिका छात्रावासों में टीम जाकर करेगी छात्राओं की काउंसलिंग

अंबिकापुर। सरगुजा में अब स्कूल शिक्षा विभाग बालिका छात्रावासों का औचक निरीक्षण करने के साथ ही वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के साथ ही छात्राओं से बात कर उनकी काउंसलिंग करेगा। यह निर्णय पिछले दिनों एक छात्रा द्वारा उठाए गए कदम के बाद लिया गया है। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर महिला प्राचार्यों और शिक्षकों की टीम गठित की जाएगी।

बता दें कि सरगुजा जिले में शासकीय के साथ ही बड़ी संख्या में बालिकाओं के निजी छात्रावास संचालित है। इन छात्रावासों में रहकर संभाग भर की छात्राएं पढ़ाई करती है। इस दौरान छात्रावास में छात्राओं को अनेकों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसके साथ ही उनपर पढ़ाई का भी दबाव रहता है। पिछले दिनों शहर के उर्सु लाइन हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 12वीं की एक छात्रा ने अपने छात्रावास की छत पर चढ़कर आत्महत्या करने की कोशिश की। इस घटना से प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया था। गनीमत रही कि समय रहते एक युवक ने छत पर पहुंचकर छात्रा को पकड़ लिया जिससे उसकी जान बच गई। इस दौरान यह जानकारी सामने आई कि छात्रा पढ़ाई में काफी अच्छी है और बेहतर फुटबोल खिलाड़ी भी है लेकिन वह पढ़ाई को लेकर दबाव में थी। इस घटना के बाद ही स्कूल शिक्षा विभाग और जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा ने निर्णय लिया है कि जिले के सभी शासकीय और निजी बालिका छात्रावासों का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान टीम छात्रावास में जाकर बालिकाओं से बात करने के साथ ही उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी लेगी। टीम छात्रवास में छात्राओं से मिलकर उनकी परेशानियों को जानने के साथ ही उनकी काउंसलिंग करेगी। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी दवारा महिला प्राचार्यों और शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। टीम नियमित रूप से छात्रावास में जाकर फीड बैक लेगी।

नियमित रूप से होगी काउंसलिंग

सभी बालिका छात्रावासों में जाकर बालिकाओं की काउसलिंग की जाएगी। इसके साथ ही उन्हें मिल रही सुविधाओं और समस्याओं की जानकारी ली जाएगी। शासकीय व निजी छात्रवासों में महिला प्रचार्य और शिक्षकों की टीम नियमित रूप से निरीक्षण कर फीड बैक लेगी।

दिनेश झा
डीईओ सरगुजा

वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

अम्बिकापुर। गांव में राशन वितरण के लिए मुनादी कर रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम अमगांव निवासी राजेश देवांगन आ. स्व. कलेश्वर देवांगन (32 वर्ष) 13 अक्टूबर को कोटवार भाई गिरजा शंकर के सचिव के पास चले जाने से बाइक से गांव में राशन वितरण के संबंध में मुनादी करने गया था। युवक गांव में मुनादी कर रह था तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

जिले के 35 शासकीय स्कूलों में नीट एवं जेईई की ऑनलाइन कोचिंग शुरू



अंबिकापुर। जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला खनिज संस्थान न्यास एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले के 35 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नीट एवं जेईई लाइव ऑनलाइन कोचिंग का शुभारंभ किया गया।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह शैक्षणिक परियोजना का कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों को उनके सपनों को नई उड़ान देने का अवसर है, उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नीट एवं जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर संसाधन और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। आज का समय प्रतियोगिता का समय है, ऐसे समय में बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने की यह पहल सराहनीय पहल है। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि जिले के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं ⏭ शेष पेज 4 पर

लाइव ऑनलाइन कक्षाओं और आधुनिक स्मार्ट क्लासरूम से होगी नीट एवं जेईई की तैयारी

परियोजना का क्रियान्वयन फिजिक्स वल्लाह लिमिटेड एजेंसी द्वारा की जाएगी। सभी 35 विद्यालयों में एक साथ लाइव टू-वे इंटरैक्टिव कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। हिंदी एवं अंग्रेजी के मिश्रित माध्यम में संचालित होने वाली इन कक्षाओं से विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों की प्रगति का आकलन करने के लिए एआई आधारित लर्निंग एनालिटिक्स, प्रदर्शन ट्रैकिंग एवं अभिभावक रिपोर्टिंग डैशबोर्ड की व्यवस्था की गई है। विद्यालयों में आधुनिक तकनीक से युक्त स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने के लिए 75 इंच के 4के इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल, कंप्यूटर सिस्टम, वायरलेस माइक्रोफोन, एचडी वेब कैमरा, स्पीकर सिस्टम तथा कम से कम तीन घंटे का पावर बैकअप उपलब्ध कराया गया है।



खबर संक्षेप

अवैध सेमल काष्ठ से लदा ट्रक जब्त, 11 बड़े लट्ठे बरामद

रामानुजनगर। वन संपदा के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम ने रामानुजनगर वन परिक्षेत्र अंतर्गत महेशपुर बीट में



सेमल काष्ठ से लदे एक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक में सेमल प्रजाति के 11 बड़े काष्ठ लट्ठे लदे हुए थे। परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वन विभाग ने काष्ठ और वाहन को अपने कब्जे में लेकर वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में खड़ा कराया है। जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 9.45 बजे वन परिक्षेत्राधिकारी रामानुजनगर के निर्देशन में विभागीय अमले ने सर्किल प्रेमनगर के महेशपुर बीट अंतर्गत महेशपुर चितखई मुख्य मार्ग पर हाई स्कूल के समीप जांच के दौरान लाल रंग के टाटा ट्रक को पकड़ा। वाहन की जांच करने पर उसमें सेमल प्रजाति के 11 बड़े काष्ठ लट्ठे मिले। वन अमले ने परिवहन के लिए आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीएम 5938 जब्त कर लिया। मामले में वन विभाग ने वन अपराध से संबंधित तथ्यों की जांच शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रकरण में आगे की कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग ने कहा है कि वन संपदा की अवैध कटाई, परिवहन और व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

बलरामपुर के दो खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय टीम में मिली जगह

बलरामपुर। शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. नंदकिशोर सिंह की अध्यक्षता एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अश्वनी विश्वकर्मा के संयोजन में 8 एवं 9 अक्टूबर को



परिक्षेत्र स्तरीय वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग के 10 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल प्रतिभा, अनुशासन एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिता में सरस्वती महाविद्यालय अंबिकापुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि मेजबान शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के पश्चात बलरामपुर महाविद्यालय के खिलाड़ी आनंद तिवारी एवं मंसूर अंसारी का चयन राज्य स्तरीय वॉलीबॉल टीम के लिए किया गया। यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। इस दौरान मनोरंजन कुमार, राम भजन राय, धीरज मिश्रा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अशोक एक्का, प्रदीप सैनी, तिलक, महेश्वर प्रसाद राजवाड़े सहित अन्य उपस्थित रहे।

मन जागृति अभियान के तहत शबरी सेवा संस्थान का हुआ सम्मान



लखनपुर। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित मन जागृति अभियान के तहत सूरजपुर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन एवं सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय सूरजपुर के सभाकक्ष में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं सहयोगी संस्था सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में सीएमएचओ डां. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. राजेश पैकरा तथा मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित शर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, समय पर उपचार, परामर्श सेवाओं की उपलब्धता एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने हेतु अपने अपने विचार व्यक्त किए।

बिजनेस न्यूज

बीकानेर स्वीट्स में मिठाइयों की विशाल श्रृंखला उपलब्ध

अम्बिकापुर। शहर के स्कूल रोड स्थित बिकानेर स्वीट्स में दशहरा दीपावली के अवसर पर मिठाइयों



की विशाल श्रृंखला उपलब्ध है। दुकान में ड्राय फ्रूट्स, गिफ्ट हैम्पर के साथ ही विभिन्न प्रकार की मिठाईयां एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। प्रतिष्ठान में पूजा पाठ के लिए शुद्ध घी के मिठाई और बिना लहसुन प्याज के नमकीन आदि की भी विशाल श्रृंखला मौजूद है। संचालक ने बताया कि स्कूल रोड के अलावा बिकानेर स्वीट्स की कोई अन्य प्रतिष्ठान नहीं है।

पृष्ठ 3 का शेष

तेज रफ्तार ट्रैक्टर...

के सामने तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें बस्ती के अंदर संचालित क्रेशर को तत्काल हटाना, हादसे में शामिल ट्रैक्टर और उसके चालक को पकड़कर कार्रवाई करना तथा मृतिका के परिवार को उचित मुआवजा देना शामिल है। घटनास्थल पर पुलिस बल मौजूद था, लेकिन प्रशासनिक टीम मौके नहीं पहुंची थी। ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारियों के पहुंचने और उनकी मांगों पर ठोस पहल होने का इंतजार कर रहे थे। सड़क पर चक्का जाम जारी रहने से क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई थी। बताया जा रहा है कि आक्रोशित ग्रामीणों ने एक ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। किसी कार का निष्कर्ष नहीं निकलने पर देर शाम तक ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे।

पांच दिनों में...

गया था। इस दौरान यह बात सामने आई कि सब माइनर नहर को भी पाटकर उसपर बिल्डिंग खड़ी कर दी गई थी। कुछ लोगों ने नहर को पाटकर उसपर बाउंड्री वाल का निर्माण किया गया था जबकि कुछ ने कच्चे निर्माण किए थे। टीम द्वारा सभी अतिक्रमण कारियों के खिलाफ कार्रवाई की। शनिवार को भी शहर के पचपेड़ी क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान एक दिन में 12 अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एक बिल्डिंग पर भी बुलडोजर चलाया गया। जल संसाधन विभाग के ईई अशोक निरंजन ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई पूर्ण हो गई है। इस दौरान लगभग 60 अतिक्रमण हटाए गए है और अब मलबा हटाने का कार्य चल रहा है।

जिले के 35 शासकीय...

की तैयारी के लिए बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना इस पहल का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 एवं 2027-28 के दौरान कक्षा 11वीं के विज्ञान संकाय के लगभग 2,120 विद्यार्थियों को दो वर्षों तक लाइव ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इसके माध्यम से गणित एवं जीव विज्ञान समूह के विद्यार्थी जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। वहीं प्रत्येक तीन माह में एक फीडबैक सेशन भी रखा जाएगा। कार्यक्रम में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह, ननि सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जिपं सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव, डीईओ दिनेश झा, फिजिक्स वाला लिमिटेड की टीम, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक, विद्यार्थी तथा पशु सखी उपस्थित रहे।

बाजारपारा में 1944 और बस स्टैंड में 1976 से हो रही मां दुर्गा की स्थापना, नवरात्रि पर भक्ति कार्यक्रमों के साथ विशाल भंडारे का आयोजन

लखनपुर में 21 अक्टूबर को मनेगा दशहरा, 60 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज. लखनपुर

नगर में नवरात्रि का उत्साह चरम पर है। मां दुर्गा के पंडालों में सुबह-शाम आरती, पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण किया जा रहा है। वहीं प्रतिदिन आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इधर लखनपुर में पुरानी परंपरा के अनुसार अंबिकापुर से एक दिन बाद 21 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय मिनी साक्षरता स्टेडियम में लगभग 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

लखनपुर के बाजारपारा में आजादी से पहले वर्ष 1944 से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की परंपरा शुरू हुई थी जो आज भी निरंतर जारी है। इसी तरह बस स्टैंड में नवचेतना दुर्गा पूजा समिति द्वारा वर्ष 1976 से लगातार मां दुर्गा की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा की जा रही है। दोनों स्थानों पर आकर्षक साज-सज्जा की गई है। नवचेतना दुर्गा पूजा समिति द्वारा रंगारंग भक्ति कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। नगर के प्राचीन मां महामाया मंदिर में 400 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। बाजारपारा स्थित मां भवानी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपने नाम से 113 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। इन धार्मिक आयोजनों से पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

मिनी स्टेडियम में होगा रावण दहन

दशहरा पर्व को लेकर स्थानीय मिनी साक्षरता स्टेडियम में तैयारियां जोरों पर हैं। थाना के सामने स्थित स्टेडियम में स्थानीय कलाकारों द्वारा लगभग 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण किया जा रहा है। समिति के सदस्य नरेंद्र पांडे एवं सुरेश साहू ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम में भगवान श्री राम की स्तुति विशेष आकर्षण रहेगी। बाहर से आए कलाकारों द्वारा शाम 6 बजे से 7 बजे तक रामायण पर आधारित भगवान श्री राम की स्तुति प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद शाम 7.30 बजे मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल की उपस्थिति में रावण दहन किया जाएगा।



राजघराने की परंपरा से जुड़ा है एक दिन बाद दशहरा

लखनपुर में अंबिकापुर के एक दिन बाद दशहरा मनाने की परंपरा वर्षों पुरानी है। बताया जाता है कि राजा-महाराजाओं के समय लखनपुर के राजा दशहरा के दिन अंबिकापुर राजघराने में सलामी देने जाया करते थे। इसी परंपरा के चलते लखनपुर में एक दिन बाद दशहरा मनाने की परंपरा शुरू हुई, जो आज भी कायम है। एक दिन बाद दशहरा मनाए जाने के कारण यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और लोगों की भीड़ जुटती है।

सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर बैठक

दशहरा उत्सव के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए दुर्गा पूजा समिति और पुलिस के बीच बैठक आयोजित कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में पार्किंग और वाहनों के आवागमन को लेकर व्यवस्था तय की गई। सुमन पंप के पास तथा जुनाडी में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। चार पहिया वाहनों को जय दुर्गा राइस मिल से अस्पताल मार्ग होते हुए भरतपुर चौक की ओर निकाला जाएगा। बड़ी गाड़ियों को कार्यक्रम के दौरान चार घंटे तक नवापारा और रजपुरी में रोका जाएगा, ताकि नगर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए समिति और पुलिस द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

अवैध रेत खनन एव परिवहन के विरुद्ध खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

रेत का अवैध कारोबार करने वाले माफियाओं को अभयदान, गरीब ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्र में इन दिनों अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। इस बीच खनिज विभाग की चालानी कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय ट्रैक्टर चालकों का सीधा आरोप है कि खनिज विभाग का उड़नदस्ता दल केवल छोटे ट्रैक्टर-ट्रॉली मालिकों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहा है जबकि एनजीटी की पाबंदियों को धता बताकर नदी का सीना चीरने वाले रसूखदार रेत माफियाओं को खुला अभयदान मिला हुआ है।

सीतापुर क्षेत्र के केशला, भीठुवा, मंगरेलगढ़, रायकेरा, ढेलसरा, प्रतापगढ़, नवापारा, तेलाइधार समेत ग्राम सरगा से होकर गुजरने वाली मांड और मैनी नदियों के घाटों पर दिन-रात अवैध उत्खनन जारी है। ग्रामीणों के अनुसार इन घाटों पर बड़ी-बड़ी मशीनें लगाकर हर दिन लाखों रुपये की रेत बिना किसी वैध रॉयल्टी के निकाली जा रही है जबकि घाटों से रेत उत्खनन का कोई टेंडर तक नहीं है। खनिज विभाग द्वारा हाल ही में सीतापुर और आसपास के इलाकों में वाहनों की जांच कर कुछ ट्रैक्टर और गाड़ियों को जब्त करने की कार्रवाई तो की गई लेकिन नदी में सक्रिय बड़े रेत माफियाओं पर हाथ डालने से विभाग बचता नजर आ रहा है। ट्रैक्टर पकड़े जाने से नाराज ट्रैक्टर मालिकों ने खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि





कागजी नोटिस से रेत माफियाओं को फायदा

इस संबंध में स्थानीय लोगों समेत ट्रैक्टर मालिकों का आरोप है कि ग्राम सोनातराई समेत अन्य जगहों पर अवैध रेत भंडारण पकड़े जाने पर भी विभाग केवल कागजी नोटिस जारी कर इतिश्री कर लेता है। आज तक खनिज विभाग ने रेत माफियाओं द्वारा अवैध रूप से भंडारण किए गए रेत को कभी सील नहीं किया न हो दंडात्मक कार्रवाई की गई। केवल उनके विरुद्ध नोटिस जारी कर मामले को रफादफा कर दिया जाता है। विभाग द्वारा ठोस एवं दंडात्मक कार्रवाई न करने का फायदा उठाकर रेत माफिया रातों-रात पूरी अवैध रेत को ठिकाने लगा देते हैं। प्रशासनिक ढीलेपन और कथित सांठगांठ के कारण जहां एक तरफ सरकार को लाखों रूपए के राजस्व का चूना लग रहा है। वहीं अवैध रूप से किये जा रहे रेत खनन की वजह से क्षेत्र की जीवनदायनी मांड नदी का प्राकृतिक स्वरूप भी पूरी तरह से बिगड़ चुका है।

जनता में भारी आक्रोश

अवैध रेत खनन एवं परिवहन को लेकर खनिज विभाग की इस पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ क्षेत्र के ग्रामीणों में गहरा रोष है। विभाग के इस दोहरे रवैये से नाराज लोगों ने विगत दिनों देर रात रेत का अवैध परिवहन कर रही हाइवा को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। एनजीटी के प्रतिबंध के बाद भी अवैध रेत खनन एवं परिवहन के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा किये जा रहे पक्षपातपूर्ण कार्रवाई से ट्रैक्टर मालिक एवं स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। विभागीय अधिकारी कर्ज में डूबे ट्रैक्टर मालिकों को अगर इसी तरह प्रताड़ित करती रही तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। इस संबंध में लोगों का कहना है कि विभाग मांड नदी का सीना छलनी करने वाले बड़े रेत माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करें ताकि मांड़ एवं मैनी नदी से होने वाले अवैध रेत खनन एवं परिवहन पर रोक लग सके।

वे जीविकोपार्जन के लिए बैंकों के माध्यम से लोन पर ट्रैक्टर लेते हैं। जिसका किश्त पटाने एवं अपने परिवार का पेट पालने के लिए प्रधानमंत्री आवास जैसे छोटे निर्माण कार्यों के लिए मांड नदी से एक-दो ट्रॉली रेत लाते हैं जिसे खनिज विभाग द्वारा पकड़ने के बाद सीज करते हुए थाने में खड़ा करा दिया जाता है ऊपर से भारी जुर्माना ठोक देती है। खनिज विभाग के इस पक्षपातपूर्ण रवैये से जहां ट्रैक्टर मालिकों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही हैं। वहीं दूसरी तरफ रात के अंधेरे में बिना रॉयल्टी पर्ची के दौड़ने वाले रसूखदारों के भारी-भरकम हाईवा और डंपर बेखौफ होकर मुख्य मार्गों से गुजरते हैं जिन्हें पकड़ने की हिम्मत विभागीय अमला कभी नहीं दिखाता। इस संबंध में खनिज निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि रेत के अवैध भंडारण करने वालों को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाया गया है।



खांचाकूड़ा जंगल में अवैध अतिक्रमण वन विभाग ने की कार्रवाई

कार्रवाई को लेकर ग्रामीण पहुंचे वन परिक्षेत्र कार्यालय, समझाइस के बाद मामला शांत

हरिभूमि न्यूज. लखनपुर



लखनपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत खांचाकूड़ा जंगल में अवैध अतिक्रमण कर फसल बोने के मामले में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। शिकायत मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच झोपड़ी को तोड़ते हुए बोई गई फसल को नष्ट किया गया तथा वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार लखनपुर वन क्षेत्र के कटिंदा सर्किल अंतर्गत पी कक्ष क्रमांक 2259 में सुखसाय आ.जागेश्वर राजवाड़े सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा पेड़ पौधों की कटाई कर अवैध कब्जा कर फसल बोया गया था। इसकी शिकायत मिलने पर रेंजर रामनिवास दहायत के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने अतिक्रमण हटाते हुए झोपड़ी को हटाया और फसलों को नष्ट कर दिया। बताया जा रहा है कि खांचाकूड़ा जंगल में प्रत्येक वर्ष अतिक्रमण की शिकायतें सामने आती हैं। वन विभाग द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की जाती है। वन विभाग ने अतिक्रमणकारियों को भविष्य में वन भूमि पर दोबारा कब्जा नहीं करने की हिदायत दी है। विभाग द्वारा वन क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण रोकने और जंगल की जमीन को सुरक्षित रखने के लिए अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की बात कही है।

कार्रवाई को लेकर अतिक्रमणकारियों में आक्रोश

वन भूमि में अवैध अतिक्रमण को लेकर वन विभाग द्वारा किए गए कार्रवाई को लेकर अतिक्रमणकारी शनिवार की दोपहर लखनपुर वन विभाग कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने महिलाओं को आगे करके कार्रवाई का विरोध करने लगे। जिस पर रेंजर रामनिवास के समझाइश के बाद किसी तरह मामला शांत हुआ।

दुर्गा सप्तमी पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

बिश्रामपुर। शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर कोयलांचल सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में माता की भक्ति की धूम रही,सुबह से ही देवी मंदिरों और आकर्षक दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी,बेल पूजा के बाद पंडालों के पट खुलते ही मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया। जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय नजर आया,क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्र आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर और स्वयंभू मां कालरात्रि मंदिर केनापारा में विधि-विधान से पूजा-अर्चना व मातारानी का विशेष श्रृंगार के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया,वहीं मां समलेश्वरी महामाया मंदिर परिसर में शनिवार की शाम देवी जागरण एवं गरबा महोत्सव ने श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया।

नगर के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण, बंगाली क्लब कल्चरल एसोसिएशन, अंबेडकर चौक स्थित जय भवानी दुर्गा पूजा समिति और बस स्टैंड के श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर, कुमदा कालोनी सहित सिलफिली, अजबनगर, लटोरी, रामनगर, कंदरई जोगी माड़ा, राजापुर और डेडरी के पंडालों में भी भक्तों की चहल-पहल रही।गौरीशंकर मंदिर प्रांगण व बंगाली क्लब कल्चरल एसोसिएशन में बेल पूजा की प्रक्रिया क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह की विशेष उपस्थिति में संपन्न कराई गई। संकटमोचन हनुमान मंदिर में छप्पन भोग अर्पित करने की प्रक्रिया पूरी की गई। यहां महानवमी पर 19 अक्तूबर को डांडिया गरबा महोत्सव आयोजित होगा। शारदीय नवरात्र के अंतिम चरण में धार्मिक आयोजनों, भंडारे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने कोयलांचल की रौनक बढ़ा दी है। मंदिरों से लेकर दुर्गा पंडालों तक श्रद्धालु मां के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

बेल पूजा के बाद खुले दुर्गा पंडालों के पट, मंदिरों में भंडारा और छप्पन भोग का आयोजन



विजयादशमी को होगा रावण दहन

शारदीय नवरात्र में पूजा अर्चना व हवन पाठ उपरांत विजयादशमी को नगर के दशहरा मैदान, कुमदा कालोनी, केनापारा समलेश्वरी महामाया मंदिर प्रांगण, लटोरी, रामनगर, कंदरई, राजापुर, डेडरी में भव्य आतिशबाजी के साथ विशालकाय रावण के पुतले का दहन कार्यक्रम मंगलवार 20 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके लिए कारीगरों द्वारा रावण का पुतला तैयार करने युद्ध स्तर पर कार्य सम्पन्न कराये जा रहे हैं।

निकाली गई शोभायात्रा

शारदीय नवरात्र पर सप्तमी तिथि को अंबेडकर चौक स्थित जय भवानी दुर्गा पूजा समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू करने के पूर्व शनिवार की सुबह अंबेडकर चौक से गौरीशंकर मंदिर प्रांगण स्थित तालाब से जल उठाकर अंबेडकर चौक तक शोभायात्रा निकाली गई।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मदरिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
एवं फेको सर्जन



डॉ. एश्वर्य मदरिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ
एवं रेटिना विशेषज्ञ

● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा संवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा

आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर

मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ.अमित जैन
MS, MCH (Neurosurgery) Brain & Spine Surgeon
● सिर की चोट (हेड इंजरी), एन्यूरिज्मराइटिस
● ब्रेन ट्यूमर, लकवा, मिर्गी, ब्रेन हेमरेज, ब्लडप्रेशर

सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल
MBBS, MD Medicine, DM (Gastro)

सुप्रसिद्ध बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ.रितेश रंजन
MBBS, MS, MCH (Mumbai) Neonatal & Pediatric Surgeon
● पीडियाट्रिक सर्जरी, बच्चों में ट्यूमर सम्बंधित सर्जरी
● पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी,बच्चों में हार्निया, हाइड्रोसील

सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. करण सराफ
MBBS, MD (Medicine) DM (Nephrology)

सुप्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरी शंकर सिंह
MBBS,(AFMC) MD (Psychiatry) BHU
● चिंता विकार,मनोशारीरिक लक्षण, मिर्गी, डिप्रेशन
● नकारात्मक विचार,डिमेंशिया, सायकोसिस

BLOOD BANK CENTER

डॉक्टर्स हाउस
@ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला अस्पताल रोड प्रकाश हॉस्पिटल के बगल में
अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)

सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.सुशांत
MBBS, MD (General Medicine) DNB Neurology Raipur
● मस्तिष्क आघात,सिर्री आना,मस्तिष्क में संक्रमण,ब्रेन ट्यूमर
● आज्ञाहास,माइग्रेन होना,पार्किंसन्स बीमारी,

18 अक्टूबर, माह के तीसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर



रायपुर, उसलापुर, राहऊेल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
15 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकामेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411